उत्तर प्रदेश ने दावोस, WEF 2025 में ₹19,000 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित किया

लखनऊ, 24 जनवरी 2025:

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2025, दावोस बैठक के दौरान, उत्तर प्रदेश सरकार ने 19 से 23 जनवरी के बीच ₹19,000 करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित किया। इस बीच ₹19,400 करोड़ के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, वहीं कई प्रमुख वैश्विक ब्रांडों और निवेशकों ने अतिरिक्त निवेश की इच्छा भी जताई। इन निवेश प्रस्तावों के चलते प्रदेश निवेश के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित हुआ है और उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई।

मुख्य निवेश समझौता ज्ञापनों में कोका-कोला द्वारा मून बेवरेजेज और एसएलएमजी बेवरेजेज के माध्यम से उत्तर प्रदेश में दो बॉटलिंग प्लांट स्थापित करने के लिए ₹2,500 करोड़ से अधिक की निवेश प्रतिबद्धता शामिल है। इस रणनीतिक सहयोग से कोका-कोला के बॉटलिंग और वितरण नेटवर्क का विस्तार पूरे राज्य में होगा, जिससे यूपी के विशाल उपभोक्ता बाजार में उनके संचालन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

लोकप्रिय बडवाइजर ब्रांड की बीयर बनाने वाली कंपनी एनहेसर-बुश इनबेव (एबी इनबेव) (Anheuser-Busch InBev (AB InBev) ने उत्तर प्रदेश में एक नए डिस्टिलरी प्लांट में ₹1,000 करोड़ का निवेश करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एबी इनबेव ने राज्य की क्षमता पर भरोसा जताया और उत्तर प्रदेश को अपने प्रीमियम पेय पदार्थों के लिए उभरते बाजार के रूप में चुना है।

पेय पदार्थ बनाने वाली हेनेकेन ने सूबे में डिस्टिलरी प्लांट स्थापित करने के लिए ₹1,500 करोड़ निवेश की प्रतिबद्धता जताई, इस निवेश से यूपी एक प्रमुख पेय निर्माता केंद्र के रूप में स्थापित होगा। इसके अतिरिक्त, एम ग्रीन्स ने शाहजहांपुर में एक सतत विमानन ईंधन विनिर्माण (सस्टेनबल एयर फ्युल) संयंत्र में ₹6,000 करोड़ का निवेश करने की योजना की घोषणा की है। जबकि लॉफ्टसलेन ने राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए नोएडा में हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए ₹6,000 करोड़ निवेश करेगी।

बिसलेरी इंटरनेशनल ने अयोध्या या बाराबंकी में बॉटलिंग प्लांट में 200 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिससे राज्य के बढ़ते पेय उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, 1,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 300 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र और रूफटॉप पवन ऊर्जा टर्बाइन स्थापित करने के लिए लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है, जो उत्तर प्रदेश के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। आईटी समाधान और डेटा सेंटर की प्रमुख कंपनी सिफी टेक्नोलॉजीज भी 1,000 करोड़ रुपये के निवेश से लखनऊ के चक गजरिया आईटी सिटी में एक एआई हब स्थापित कर रही है। वे राज्य में 150-200 एकड़ भूमि पर एक हाइपरस्केलर डेटा सेंटर स्थापित करने के अवसरों को भी तलाश रहे हैं। इसके अतिरिक्त, नोएडा में सिफी का 75 मेगावाट का डेटा सेंटर, जिसे 7,000 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया गया है, जल्द ही चालू होने वाला है। ये निवेश उत्तर प्रदेश के तेज़ औद्योगिक और आर्थिक विकास को रेखांकित करते हैं, जो वैश्विक निवेशकों के लिए एक अग्रणी गंतव्य के रूप में इसकी स्थिति की पुष्टि करता हैं।